## गुस्ताखी माफ



यत्र-तत्र-सर्वत्र अब, लगे हुए हैं ढेर।
बढ़ जायेंगे और भी, अगर लगाई देर।
अगर लगाई देर, नौकरी दें सरकारी।
छोटी-सी तनखाह, आपको लगती भारी।
कह साहिल कविराय, स्वयं को पेंशन-भत्ता।
हम कोने में बैठ, चाटते सूखा पत्ता।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 126 | SUNDAY 17-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ईडी की मुल्लांपुर व न्यू चंडीगढ़ के सब रजिस्ट्रार ऑफिस में रेड

## मोहाली-लुधियाना में हुआ रियल एस्टेट का कारोबार शक के घेरे में

लुधियाना/यूटर्न/16 मई। ईडी की ओर से मोहाली जिले के ब्लॉक माजरी (न्यू चंडीगढ़) और मुल्लांपुर के सब-रजिस्ट्रार कार्यालयों में छापेमारी की। यह कार्रवाई कथित बेनामी जमीन सौदों और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच के तहत की गई। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी पंजाब के एक बड़े प्रॉपर्टी डीलर के वित्तीय लेन-देन और जमीन खरीद-फरोख्त की गहन जांच कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि उक्त डीलर ने लैंड पूलिंग पॉलिसी 2025 लागू होने से पहले ही लुधियाना और मोहाली में बड़े पैमाने पर निवेश किया था। जांच के दौरान मुल्लांपुर गरीबदास और शिंगारीवाला गांवों के भूमि रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं, जहां गमाडा (ग्रेटर मोहाली एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी) द्वारा हाल ही में जमीन अधिग्रहित की गई थी। सूत्रों का यह भी दावा है कि यह प्रॉपर्टी डीलर आवास निर्माण और शहरी विकास विभाग से जुड़े एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता का करीबी माना जाता है। जांच एजेंसियों को शक है कि इस डीलर ने कई अधिकारियों और प्रभावशाली लोगों के धन को बेनामी जमीन सौदों में निवेश कराने में मदद की। हालांकि, ईडी की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी रियल एस्टेट सेक्टर में अनियमितताओं और गलत तरीके से सीएलयू मंजूर कराने से जुड़े मामलों की जांच का हिस्सा है।




### एटीपी से पूछताछ के बाद रेड शुरू हुई

चर्चा है कि ईडी की और से कुछ दिन पहले पुड्डा के एटीपी पंकज बावा को जांच के लिए बुलाया था। जिनसे पूछताछ की गई। जिसके बाद एकदम यह रेड हुई। इस कार्रवाई को देखकर लगता है कि इसके बाद से कई बड़ी चीजें सामने आ सकती हैं। बेशक रेड मुल्लापुर में हुई। लेकिन उसके तार लुधियाना से जुड़े हैं। बड़े सत्र पर कई जमीनों की खरीद फिरोख्त हुई है। जिसमें बहुत सारा लेनदेन ऊपर नीचे हुआ है।

# मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण महाअभियान-2026 की शुरूआत की, किसान हित को बताया सरकार की प्राथमिकता

चंडीगढ़/यूटर्न/16 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यमुनानगर में दो दिवसीय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 का शुभारंभ किया। इससे पहले उन्होंने आदिबद्री नारायण मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की तरक्की की कामना की और विकास कार्यों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की नीतियों के केंद्र में किसान और आमजन हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 24 फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) पर की जा रही है और अब तक 12 लाख किसानों को 1.80 लाख



करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इसके अलावा, फसल खराब होने पर मुआवजे और बीमा योजना के तहत हजारों करोड़ रुपये किसानों को दिए गए हैं। महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ह्लाडो लक्ष्मी योजनाह्व के तहत लाखों महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही है, वहीं 500 रुपये में गैस सिलेंडर की सुविधा भी दी जा रही है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने बिजली, पानी, रोजगार और डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में भी बड़े कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में हजारों युवाओं को बिना पर्ची-खर्ची के सरकारी नौकरियां दी गई हैं। इस मौके पर कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी मौजूद रहे।



## मंत्री संजीव अरोड़ा का 2 दिन का रिमांड और बढ़ा



लुधियाना/यूटर्न/16 मई। आम आदमी पार्टी (आप) सरकार में पंजाब के बेहद पावरफुल उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री रहे संजीव अरोड़ा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। मनी लॉन्ड्रिंग और जीएसटी घोटाले के आरोपों में गिरफ्तार संजीव अरोड़ा को छह दिन का रिमांड खत्म होने पर शनिवार को अदालत में पेश किया गया। जहां पर ईडी की ओर से संजीव अरोड़ा का रिमांड और बढ़ाने की अपील की गई। जिसे अदालत ने स्वीकार कर लिया। जिसके चलते अब उन्हें 18 मई को दोबारा अदालत में पेश किया जाएगा।

## कामर्स स्ट्रीम में आरव जैन ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर पहला रैंक हासिल किया






पंजाब/यूटर्न/16 मई। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा में (कामर्स स्ट्रीम) में मेयर वर्ल्ड स्कूल जालंधर के स्टूडेंट आरव जैन ने 98.2 प्रतिशत अंक लेकर पहला रैंक हासिल किया। नगीना ज्वैलर्स के पिता राहत जैन व माता श्वेता जैन ने बेटे की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधक कमेटी, प्रिंसिपल व अध्यापक गणों का धन्यवाद किया। आरव जैन ने इस उपलब्धि का पूरा श्रेय परिवार व स्कूल के अध्यापक गणों को दिया।

# अच्छी खबर: अबू धाबी भारत के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार में 30 मिलियन बैरल तेल जमा करेगा, इंफ्रास्ट्रक्चर में 5 बिलियन डॉलर का निवेश करेगा

## पीएम मोदी ने नीदरलैंड्स का भी दौरा किया



चंडीगढ़/यूटर्न/16 मई। पश्चिम एशिया में संकट के बीच पीएम मोदी ने यूएई का दौरा किया और रक्षा समझौते किए, $5 बिलियन का निवेश हासिल किया, और रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को बढ़ाकर 30 मिलियन बैरल तक पहुँचाया। पश्चिम एशिया में संकट के बीच द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करते हुए, भारत और यूएई ने शुक्रवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इनमें एक रणनीतिक रक्षा साझेदारी का ढाँचा, भारतीय रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार में 30 मिलियन बैरल तेल का भंडारण, एलपीजी की आपूर्ति और गुजरात के वाडिनार में एक जहाज मरम्मत केंद्र (शिप रिपेयर क्लस्टर) शामिल हैं। यूएई ने भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर, आरबीएल बैंक और सम्मान कैपिटल में कुल $5 बिलियन के निवेश का भी वादा किया। संबंधों में यह तेजी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चार यूरोपीय देशों के दौरे के दौरान अबू धाबी में उनके संक्षिप्त पड़ाव के रूप में सामने आई। यह दौरा यूएई पर ईरानी मिसाइल और ड्रोन हमलों के कुछ ही दिनों बाद हुआ।

### मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद से की बातचीत

इस बात पर जोर देते हुए कि होर्मुज जलडमरूमध्य मुक्त, खुला और सुरक्षित होना चाहिए, मोदी ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान से कहा कि भारत यूएई के साथ ₹कंधे से कंधा मिलाकर₹ खड़ा है। अमीरात पर हुए हमलों की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह से निशाना बनाना अस्वीकार्य है। मोदी ने इस क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने के प्रयासों के लिए भारत के समर्थन को दोहराया। राष्ट्रपति को मेरे भाई कहकर संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, जिस तरह से यूएई ने मौजूदा स्थिति को संयम के साथ संभाला है, वह तारीफ के काबिल है। हम यूएई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं, और भविष्य में भी ऐसा ही करते रहेंगे।

### नीदरलैंड्स में मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार शाम को नीदरलैंड्स पहुँचे। यह उनकी कई देशों की राजनयिक यात्रा का हिस्सा था, जिसका मकसद यूरोप में भारत की रणनीतिक और आर्थिक साझेदारियों को मजबूत करना है। प्रधानमंत्री के आगमन की घोषणा करते हुए, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने (ट्विटर) पर पोस्ट किया: "Goedeavond Nederland! पीएम @narendramodi नीदरलैंड्स पहुँच गए हैं। यह दौरा भारत-नीदरलैंड्स की बहुआयामी साझेदारी को और मजबूत करने और मुख्य यूरोपीय भूभाग पर रहने वाले सबसे बड़े भारतीय समुदाय के साथ जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा।

# जगराओं में जबरदस्त आग का तांडव, फर्नीचर फैक्ट्री जलकर खाक, बाल-बाल बचे 50 कर्मचारी

## फायर विभाग ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू




चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/16 मई। जगरांव में कोठे खजूरों रोड पर स्थित एक नामी फर्नीचर फैक्ट्री में शनिवार को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयानक थी कि कुछ ही पलों में आसमान में काले धुएं का गुबार छा गया, जिसे कई किलोमीटर दूर से देखा जा सकता था। इस हादसे के बाद पूरे इलाके में दहशत और अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। फैक्ट्री प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार, जब यह हादसा हुआ, उस समय फैक्ट्री के भीतर करीब 50 कर्मचारी काम कर रहे थे। आग की लपटें उठती देख सभी कर्मचारी तुरंत सुरक्षित बाहर निकल आए, जिससे एक बड़ा जानी नुकसान होने से बच गया। हालांकि, फैक्ट्री के अंदर भारी मात्रा में रखी सूखी लकड़ी, प्लाईवुड, फोम और केमिकल जैसे ज्वलनशील पदार्थों के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया।

### भारी मशक्कत के बाद बुझाई गई आग

मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचित किया। आग की गंभीरता देखते हुए दमकल विभाग की 14 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक फैक्ट्री का एक बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो चुका था।

### शॉर्ट सर्किट या वेल्डिंग की चिंगारी बनी वजह ?

चश्मदीदों के मुताबिक फैक्ट्री के एक हिस्से में वेल्डिंग का काम चल रहा था। आशंका जताई जा रही है कि वेल्डिंग के दौरान निकली कोई चिंगारी पास पड़े फोम या लकड़ी के बुरादे पर जा गिरी, जिसने कुछ ही देर में पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया। हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है।

### प्रशासन और मालिक का बयान

फैक्ट्री के मालिक अमृत पाल सिंह ने बताया कि आग लगने के पुख्ता कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस हादसे में लाखों रुपये का तैयार और कच्चा माल जलकर नष्ट हो गया है, जिसका सटीक आकलन किया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आग लगने के असली कारणों का पता लगाने के लिए गहन जांच शुरू कर दी गई है।

RNI NO PUNBIL/2014/59416
UTURNTIME.COM
# यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## सरकार सरकारी अस्पतालों को कॉपोर्रेट अस्पताल बनाने में रही विफल

लुधियाना, यूटर्न 16 मई (सहगल)। गैर सरकारी संस्था समवेदना ट्रस्ट ने आज जिले को एक एडवांस लाइफ सपोर्ट (ALS) एम्बुलेंस दान की, जो वेंटिलेटर और ECG मशीन से सुसज्जित है, ताकि आपातकालीन चिकित्सा प्रतिक्रिया सेवाओं को और मजबूत किया जा सके। इसी अवसर पर ट्रस्ट ने सिविल अस्पताल को एक हाई-टेक मोर्चरी भी सौंपी, जिसकी कुल क्षमता अब 92 शवों की है। नई मोर्चरी में 48 शेल्फ हैं, जबकि पुरानी मोर्चरी में 42 शेल्फ और 2 डीप फ्रीजर हैं, जिससे कुल क्षमता 92 हो जाती है। मोर्चरी का उद्घाटन डायरेक्टर हेल्थ सर्विसेज डॉ. हितिंदर कौर ने सिविल सर्जन डॉ. रमनीदीप कौर के साथ किया।

VOL: 11 | ISSUE 126 | SUNDAY 17-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# ऑपरेशन सेल पुलिस ने पीयू फायरिंग और लूट मामले में मुख्य आरोपी किया गिरफ्तार

## विदेश में बैठे गैंगस्टर शगनप्रीत और डोनी बल के नेटवर्क का खुलासा, 3 ऑटोमैटिक हथियार बरामद






अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। चंडीगढ़ पुलिस के ऑपरेशन सेल ने पंजाब यूनिवर्सिटी शूटिंग और हथियारों के बल पर मोटरसाइकिल लूट मामले में बड़ी सफलता हासिल करते हुए चार मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी विदेश में बैठे गैंगस्टर शगनप्रीत सिंह और डोनी बल के करीबी सहयोगी और शूटर हैं।

इनके कब्जे से तीन अत्याधुनिक ऑटोमैटिक पिस्टल और 16 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। चंडीगढ़ पुलिस के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ पंजाब के दो चर्चित हत्या मामलों गोपी निज्जर मर्डर केस और अमृतसर के मेहता चौक-मेहसमीपुर रोड पर 12वीं कक्षा के छात्र अमरजोत सिंह की हत्या के अलावा खन्ना में हुई फायरिंग की वारदात का भी खुलासा हुआ है। पश्चिमी क्षेत्र के डीजीपी सागरप्रीत हुड्डा, आईजीपी पुष्पेंद्र कुमार, डीआईजी राजीव रंजन सिंह और एसएसपी कंवरदीप कौर के निदेर्शों पर ऑपरेशन सेल की विशेष टीमों का गठन किया गया था। एसपी ऑपरेशन गीतांजलि खंडेलवाल और डीएसपी विकास श्योकंद की निगरानी में इंस्पेक्टर हरिंदर सिंह सेखों और इंस्पेक्टर सतविंदर सिंह की टीम ने यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौरव उर्फ गोला निवासी अमृतसर, रजत उर्फ गुड्डा निवासी अमृतसर, रवि निज्जर उर्फ काली निवासी सिरसा हरियाणा और आर्यन निवासी अमृतसर के रूप में हुई है।

## 140वें जश्न में जहर? कोल्ड्रिंक कंपनी ने कर्मचारियों को पीलाई एक्सपायर्ड ड्रिंक!




लुधियाना/यूटर्न/16 मई। एक नामी कोल्ड ड्रिंक निमार्ता कंपनी पर गंभीर लापरवाही और उपभोक्ता सुरक्षा से खिलवाड़ के आरोप सामने आए हैं। कंपनी के 140वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान कर्मचारियों को कथित तौर पर एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक परोसी गई। मामले ने अब जनस्वास्थ्य और फूड सेफ्टी सिस्टम पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। बस्ती जोधेवाल निवासी साहिल, जो पिछले छह महीनों से कंपनी के प्लांट में कार्यरत था, ने आरोप लगाया कि 8 मई को आयोजित समारोह में 70-80 कर्मचारियों को खाद्य सामग्री के साथ 200 मि.ली. कोल्ड ड्रिंक दी गई। एक कर्मचारी द्वारा बोतल की एक्सपायरी डेट जांचने पर सामने आया कि पेय पदार्थ की अवधि समाप्त हो चुकी थी। साहिल के अनुसार, यह सिर्फ एक बोतल नहीं बल्कि कई बोतलें



एक्सपायर्ड थीं, जिससे यह एक सुनियोजित लापरवाही प्रतीत होती है।

शिकायत के बावजूद प्रबंधन द्वारा कोई कार्रवाई न करने पर साहिल ने घटना का वीडियो बनाकर कंपनी अधिकारियों के व्हाट्सएप ग्रुप्स में साझा किया। आरोप है कि इसके बावजूद न तो माफी मांगी गई और न ही उत्पाद वापस लिया गया। उल्टा 14 मई को साहिल को 'कंपनी की छवि खराब करने' के आरोप में तत्काल प्रभाव से नौकरी से निकाल दिया गया। साहिल ने यह भी दावा किया कि एक्सपायर्ड कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई, उल्टियां शुरू हो गई और उसे ईएसआई अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। उसने मेडिकल दस्तावेज भी दिखाए हैं।

रस्म पगड़ी



आपको बड़े दु:खी हृदय से सूचित किया जाता है कि हमारी आदरणीय
श्रीमती मीना जैन
(धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार जैन)
(पुत्रवधु चक्रवर्ती श्रावक स्वर्गीय श्री बाधो राम जैन)
दिनांक 15 मई 2026 को अपनी सांसारिक यात्रा सम्पूर्ण करके प्रभु चरणों में लीन हो गई हैं।
रस्म पगड़ी दिनांक 17-05-2026 दिन रविवार प्रात: 11 बजे
जैन स्थानक, सिविल लाइंस, सिमिट्री रोड, नजदीक चौक फव्वारा, लुधियाना में होगी।

शोकाकुल परिवार

राकेश कुमार जैन (पति)
तरूण जैन - श्रेया जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
हितेश जैन 'भानु' - सुरुचिता जैन (पुत्र-पुत्रवधु)
उन्नत जैन, भव्यम जैन (पौत्रे)
हिताक्षी जैन (पौत्री)
महिन्द्रपाल जैन - स्व. अभय कुमारी जैन (जेठ-जेठानी)
स्व. शुभ जैन - सुषमा जैन (जेठ-जेठानी)
जिनेन्द्र जैन - शशि जैन (जेठ-जेठानी)
नरेश जैन - स्व. वीना जैन (जेठ-जेठानी)
मायका परिवार: श्री बृज भूषण संजय जैन (रावलपिंडी वाले) परिवार दिल्ली

BHANU STEEL INDUSTRIES
BHANU INTERNATIONAL
CHITTRA INDUSTRIES
KETAN MANUFACTURING CO.
FOCAL POINT, LUDHIANA (M) 94172-13976, 94172-72007

# एक परिसर में फूड सप्लीमेंट की जांच करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आशीष चावला

लुधियाना/यूटर्न/16 मई। लुधियाना के डेजिग्नेटेड अधिकारी की अगुवाई में फूड सेफ्टी टीम ने जिम फूड सप्लीमेंट और न्यूट्रिशन बेचने वाले कारोबारियों के खिलाफ विशेष चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के तहत फूड सेफ्टी विभाग के डीएचओ डॉ. आशिश चावला की अगुवाई में पक्खोवाल रोड और विश्वकर्मा चौक के पास जिस सप्लीमेंट बेचने वाले दो स्टोर पर रेड की गई। इक दौरान स्टोर में बड़े सारे सामान की चैकिंग की गई। वहीं टीम द्वारा डाइट सप्लीमेंट (प्री-वर्कआउट) और फूड सप्लीमेंट (एनाबॉलिक लीवर स्पोर्ट) के 4 सैंपल भरे गए। इसके अलावा स्टॉक में मौजूद प्री-वर्कआउट की 18 यूनिट और एनाबॉलिक लीवर स्पोर्ट की 21 यूनिट को सीज किया गया। इस दौरान डॉ. आशीष चावला ने कहा कि दो हफ्तों तक सैंपल की रिपोर्ट आएगी, जिसके बाद अगली कार्रवाई की जाएगी। इसी के साथ साथ दोनों स्टोर पर जो सप्लीमेंट उन्हें सही नहीं लगे, उन्हें सीज कर दिया गया है। इसी के साथ साथ हंबड़ा रोड मैन्योफैक्करिंग यूनिट की भी सैंपलिंग की है।



## डेयरियों और करियाना स्टोर की चैकिंग की

वहीं फूट सेफ्टी विभाग द्वारा माछीवाड़ा क्षेत्र में डेयरियों और किराना स्टोर्स की चेकिंग की गई, जहां घी और बेसन के सैंपल लिए गए। वहीं समराला क्षेत्र में भी जांच के दौरान वनस्पति और मसल मास गेनर के सैंपल एकत्र किए गए। सभी सैंपल जांच के लिए लैब भेजे गए।



# गिल रोड को सफाई मुलाजिमों ने बनाया कूड़े का डंप

लुधियाना/यूटर्न/16 मई। लुधियाना की गिल रोड को सफाई मुलाजिमों द्वारा कूड़े का डंप बनाया दिया गया है। जहां पर सरेआम कूड़ा,कचरा और गंदी मिट्टी फेंकी जा रही है। जिसे देखकर अब लोगों ने भी अपने घरों और फैक्ट्रियों का वेस्ट मटीरियल वहां फेंकना शुरू कर दिया। हालात ऐसे हैं कि वहां से निकलना मुश्किल हो गया है। यह हालात प्रताप चौक से गिल चौक की तरफ पुल के साथ जाने वाली सड़क के हैं। जहां पर सरेआम कूड़ा फेंका जा रहा है। हालांकि पास में प्रताप चौक में डंप भी है, लेकिन फिर भी सड़कों पर गंदगी डाली जा रही है। यहीं नहीं इसी सड़क पर बने एक पार्क को तो पूरे तरीके से कूड़ेदान बना डाला है। हालांकि पहले भी इस सड़क पर कूड़ा फेंकने की वीडियोज सामने आई थी। जिस मुद्दे को यूटर्न अखबार द्वारा प्रमुख्ता से प्रकाशित किया गया था। तब पूर्व कमिश्नर आदित्य डेचलवाल की और से एक्शन लेकर सड़क साफ करवाई थी। लेकिन अब देखना होगा कि जोन-सी के अधिकारी, निगम कमिश्नर और विधायक एक्शन लेते हैं या नहीं।



## नहरों में कूड़ा फेंकने वालों के चालान, सड़क वालों को राहत क्यों

वैसे तो नगर निगम के अधिकारियों द्वारा नहरों में कूड़ा फेंकने वालों पर तुरंत एक्शन लिया जाता है। उनका पांच-पांच हजार का चालान भी कर दिया जाता है। लेकिन यहां पर कूड़ा फेंकने वालों पर कोई एक्शन नहीं लिया जाता। शहर वासियों का कहना है कि निगम द्वारा सड़क पर कूड़ा फेंकने वाले सफाई मुलाजिमों और आम जनता का भी चालान करना शुरू किया जाए। जिससे व्यवस्था में सुधार भी होगा और सरकारी खजाना भी भरेगा।

# खड़क मंगोली में पंचकूला पुलिस का कॉम्बिंग ऑपरेशन, डॉग स्क्वॉड के साथ संदिग्ध ठिकानों की तलाशी



पंचकूला/यूटर्न/16 मई। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और नशे पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पंचकूला पुलिस ने शुक्रवार को खड़क मंगोली क्षेत्र में व्यापक कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। सेक्टर-1 चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर राममेहर के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में डॉग स्क्वॉड की टीम भी शामिल रही। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने क्षेत्र की गलियों, दुकानों, खाली प्लॉटों, झाड़ियों, खुले स्थानों और अन्य संदिग्ध ठिकानों पर गहन तलाशी अभियान चलाया। इसके साथ ही संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और सत्यापन भी किया गया। पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी, बिक्री और सेवन से जुड़े संभावित ठिकानों की भी जांच की। इस दौरान स्थानीय लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्पष्ट संदेश दिया गया कि नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हीरो डीएमसी हार्ट इंस्टीट्यूट द्वारा लुधियाना में विश्व हाइपरटेंशन दिवस 2026 मनाया गया



लुधियाना/यूटर्न/16 मई। विश्व हाइपरटेंशन दिवस 2026 के अवसर पर हीरो डीएमसी हार्ट इंस्टीट्यूट द्वारा इस वर्ष की थीम कंट्रोलिंग हाइपरटेंशन टुगेदर के अंतर्गत लुधियाना के विभिन्न स्थानों, जिनमें जॉगर्स पार्क तथा डीएमसी एंड एच के शहरी एवं ग्रामीण केंद्र शामिल हैं, पर जागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए गए। यह अभियान डॉ. बिशव मोहन, चीफ कार्डियोलॉजिस्ट, हीरो डीएमसी के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य लोगों को हाइपरटेंशन के प्रति जागरूक करना तथा इसके समय पर पता लगाने और बचाव के लिए प्रेरित करना था। समुदाय के लिए निःशुल्क ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर जांच शिविर लगाए, जिनमें सामूहिक रूप से लगभग 900 लोगों की जांच की गई तथा उन्हें हाइपरटेंशन और हृदय स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त, क्षेत्रीय भाषा में पुस्तिकाएं एवं किताबें भी वितरित की गईं, ताकि लोगों को अनियंत्रित ब्लड प्रेशर के दुष्प्रभावों और नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के बारे में जागरूक किया जा सके। इस अवसर पर डॉ. बिशव मोहन ने हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर बताते हुए समय पर जांच, शीघ्र निदान और नियमित ब्लड प्रेशर मॉनिटरिंग के महत्व पर जोर दिया, ताकि हार्ट अटैक, स्ट्रोक, किडनी रोग तथा अन्य जटिलताओं से बचाव किया जा सके।

# इटली से इंटरनेशनल सम्मान: चंडीगढ़ के रेवरेंड. डॉ. जितेन्द्र सिंह बने 'ऑनरेरी एकेडेमिशियन'



REV. DR. JITENDER SINGH, INDIA

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। चंडीगढ़ के प्रतिष्ठित लेखक, सेवक और समाज में आध्यात्मिक जागरूकता फैलाने वाले प्रो. रेव. डॉ. जितेन्द्र सिंह को इटली की प्रसिद्ध संस्था इंटरनेशनल एकेडमी ऑफ रोम द्वारा इंटरनेशनल स्तर पर सम्मानित किया गया है। उन्हें 'ऑनरेरी एकेडेमिशियन' (मानद अकादमिक सदस्य) की उपाधि प्रदान की गई है। यह सम्मान 15 मई 2026 को संस्था की आधिकारिक मीटिंग में प्रदान किया गया। विशेष बात यह है कि यह सम्मान ऑनलाइन माध्यम से प्रदान किया गया, जबकि कार्यक्रम का आयोजन रोम (इटली) में किया गया था। संस्था के प्रेसिडेंट मौरो मोंटाक्किएसी के सिग्नेचर से यह सम्मान प्रमाणित किया गया है और इसे एकेडमिक अवॉर्ड रजिस्टर में भी दर्ज किया गया है।

# 97.07% अंक हासिल कर अगस्त्या सहगल बने जिले में तीसरे, डीपीएस में दूसरा स्थान



लुधियाना/यूटर्न/15 मई। स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल (DPS) के छात्र अगस्त्या सहगल ने उइरए कक्षा 12वीं के परिणामों में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉन-मेडिकल स्ट्रीम में 97.07 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने स्कूल में दूसरा तथा पूरे जिले में तीसरा स्थान हासिल कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अगस्त्या की इस उपलब्धि से स्कूल में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्रिंसिपल एवं शिक्षकों ने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए इसे कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम बताया।

चंड़ीगढ़
III रविवार, 17 मई 2026
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India



पेज 12 डेराबस्सी, लालडू और जीरकपुर में 'आप' का...

# नीट यूजी 2026 पेपर लीक: सीबीआई ने पुणे की बॉटनी टीचर को गिरफ्तार किया, अब तक कुल 9 गिरफ्तारियां

चंडीगढ़/यूटर्न/16 मई। सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सीबीआई) के सूत्रों के अनुसार, जैसे-जैसे नीट पेपर लीक मामले की जांच तेज हो रही है, एक और मुख्य साज़िशकर्ता को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी की पहचान मनीषा गुरुनाथ मंधारे के रूप में हुई है, जो पुणे की एक सीनियर बॉटनी टीचर हैं। सीबीआई द्वारा गहन पूछताछ के बाद उन्हें दिल्ली में गिरफ्तार किया गया। यह टीचर, जो नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के पैनल का भी हिस्सा थीं, पर नीट यूजी 2026 का प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप है और इसी आरोप में उन्हें गिरफ्तार किया गया है। मंधारे की गिरफ्तारी के साथ ही, इस मामले में गिरफ्तारियों की कुल संख्या अब बढ़कर नौ हो गई है।



## मनीषा मंधारे एनटीए पैनल का हिस्सा थीं

वह नीट यूजी 2026 परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं और एनटीए द्वारा उन्हें एक विशेषज्ञ के तौर पर नियुक्त किया गया था। पता चला है कि बॉटनी और जूलॉजी के प्रश्न पत्रों तक उनकी पूरी पहुंच थी। इससे पहले अप्रैल में, उन्होंने पुणे की मनीषा वागमारे (जिन्हें 14 मई को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है) के जरिए नीट परीक्षा के संभावित उम्मीदवारों को जुटाया था और पुणे स्थित अपने आवास पर इन छात्रों के लिए विशेष कोचिंग कक्षाएं आयोजित की थीं। इन कक्षाओं के दौरान, उन्होंने बॉटनी और जूलॉजी विषयों के विभिन्न प्रश्नों को समझाया और बताया, तथा छात्रों से उन्हें अपनी नोटबुक में लिखने और अपनी पाठ्यपुस्तकों में भी निशान लगाने को कहा। इनमें से अधिकांश प्रश्न 3 मई को आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा के वास्तविक प्रश्न पत्र से मेल खाते थे।

## नीट पेपर लीक की जांच कई शहरों तक फैली

*पिछले 24 घंटों में, केंद्रीय एजेंसी ने देश भर में छह स्थानों पर तलाशी भी ली है और कई आपत्तिजनक दस्तावेज, लैपटॉप, बैंक स्टेटमेंट और मोबाइल फोन जब्त किए हैं। जब्त की गई चीजों का विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है। याद दिला दें कि सीबीआई ने 12 मई को यह मामला दर्ज किया था। यह मामला भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की एक लिखित शिकायत पर आधारित था, जिसमें नीट-वक्र2026 परीक्षा का पेपर लीक होने का आरोप लगाया गया था। मामला दर्ज होने के तुरंत बाद, विशेष टीमें गठित की गईं, देश भर में विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई, और कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ की गई।*

## अलग अलग शहरों में गिरफ्तारियां

**गिरफ्तारियां दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे और अहल्यानगर में की गई हैं। इनमें से पाँच आरोपियों को पहले ही अदालत में पेश किया जा चुका है और विस्तृत पूछताछ के लिए 7 दिन की पुलिस हिरासत रिमांड पर लिया गया है। बाकी दो आरोपियों को, जिन्हें शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया था, पुणे की एक अदालत में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड लेने के बाद दिल्ली भेज दिया गया।**

# रेहड़ी-फड़ी विवाद पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

## अवैध वेंडर्स के मुद्दे पर जल्द समाधान के संकेत, अफसरों को फिलहाल व्यक्तिगत पेशी से राहत

चंडीगढ़/यूटर्न/16 मई। शहर में अवैध वेंडर्स और रेहड़ी-फड़ी व्यवस्था को लेकर चल रहे लंबे विवाद के बीच शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई ने समाधान की उम्मीद जगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अंतरिम निर्देशों पर फैसला सुरक्षित रखते हुए फिलहाल प्रशासनिक अधिकारियों को अगली सुनवाई तक व्यक्तिगत पेशी से राहत दे दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जब तक विशेष निर्देश जारी नहीं किए जाते, तब तक संबंधित अधिकारियों की व्यक्तिगत उपस्थिति आवश्यक नहीं होगी। इससे चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम के अधिकारियों को बड़ी राहत मिली है।



### सुप्रीम कोर्ट ने मांगी प्रगति रिपोर्ट

सुनवाई के दौरान अदालत ने चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम और संबंधित समितियों से अब तक की कार्रवाई और प्रगति की जानकारी मांगी। कोर्ट विशेष रूप से वेंडिंग जोन, अवैध कब्जों और लंबित मामलों के निपटारे को लेकर गंभीर नजर आया। सुनवाई के दौरान गृह सचिव मंदीप सिंह बराड़, टाउन वेंडिंग कमेटी के चेयरपर्सन एवं नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, ग्रिवेंस रिड्रेसल एंड डिस्प्यूट्स रिजोल्यूशन कमेटी (GRDRC) के चेयरपर्सन प्रदीप राय आजाद और मेयर सौरभ जोशी अदालत में मौजूद रहे।

### दो हफ्ते में लंबित अपीलें निपटाने का भरोसा

सुनवाई के दौरान जीआरडीआरसी चेयरपर्सन ने सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिलाया कि वेंडर्स से जुड़ी सभी लंबित अपीलों का निपटारा अगले दो सप्ताह के भीतर कर दिया जाएगा। इसके बाद शहर में वेंडिंग व्यवस्था को लेकर आगे की प्रक्रिया तेज होने की संभावना है। मामले में अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल, वरिष्ठ अधिवक्ताओं और विभिन्न पक्षों के वकीलों ने भी अपने-अपने तर्क अदालत के सामने रखे।

### शहर में बढ़ता जा रहा था विवाद

चंडीगढ़ में पिछले लंबे समय से अवैध वेंडर्स, रेहड़ी-फड़ी और फुटपाथ कब्जों को लेकर विवाद बना हुआ है। कई बाजारों और प्रमुख सड़कों पर अतिक्रमण की शिकायतों के बीच प्रशासन पर कार्रवाई का दबाव लगातार बढ़ रहा था। अब सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मामले के समाधान की दिशा में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जमीन अधिग्रहण घोटाले की आरोपी लेडी एसडीएम सरकारी कोठी से गिरफ्तार, 1.63 करोड़ का किया था गबन



पंजाब/यूटर्न/16 मई। गुरदासपुर में तैनात पीसीएस अफसर एसडीएम अनुप्रीत कौर रंधावा को जमीन अधिग्रहण घोटाले की आरोपी होने के चलते गिरफ्तार कर लिया गया है। तरनतारन पुलिस ने शनिवार सुबह 7 बजे उन्हें गुरदासपुर स्थित सरकारी कोठी से अरेस्ट किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उनकी गिरफ्तारी 1.63 करोड़ रुपए के गबन केस में की गई है। यह केस राजस्थान-जम्मू कश्मीर हाईवे के लिए जमीन अधिग्रहण से जुड़ा है। जब यह गबन हुआ तो अनुप्रीत रंधावा उस वक्त तरनतारन के पट्टी में तैनात थीं। उस वक्त उन्हें सस्पेंड भी किया गया था। 8 साल पहले के इस मामले में गबन के आरोप लगने के बाद उन्हें काफी समय तक फील्ड ड्यूटी से भी दूर रखा गया लेकिन कुछ समय पहले ही गुरदासपुर में तैनाती मिली थी। जहां एसडीएम के पास उनके पास नगर कौंसिल का भी अतिरिक्त चार्ज था।

## अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप

एसडीएम अनुप्रीत पर आरोप है कि राजस्थान-जम्मू कश्मीर नेशनल हाईवे के निर्माण समय सरकार के भूमि अधिग्रहण दौरान तत्कालीन तरनतारन की एसडीएम डॉ. अनुप्रीत कौर ने उन लोगों को लाभ पहुंचाया, जिनके पास जमीन नहीं थी। पट्टी के पूर्व एसडीएम नवराज बराड़ ने तत्कालीन डीसी प्रदीप सभ्रवाल को 2018 को इस गबन के संबंध में शिकायत दी। बराड़ की जांच के आधार पर 5 सितंबर 2019 को थाना सिटी पट्टी में मुकदमा नंबर 47 जुर्म 419, 420, 409, 120बी आईपीसी के तहत दर्ज हुआ।

## 5 लोगों का माल विभाग में रिकॉर्ड नहीं मिला

एफआईआर में लिखा कि माल विभाग रिकॉर्ड के मुताबिक केस में नामजद अपात्र 5 लोगों की जमीन नेशनल हाईवे-54 के लिए एक्वायर नहीं की गई। न ही माल विभाग में इनका कोई रिकॉर्ड है। केंद्र सरकार की ओर से 5 जुलाई 2013 के पब्लिश गजट ऑफ इंडिया में सब डिवीजन पट्टी के आते 6 गांवों, तलता, हरिके, नत्थूपुर, बूह, मरहाना, जौनेके, में नेशनल हाईवे 54 के लिए जमीन एक्वायर करने का नोटिफिकेशन जारी किया था। जांच में पाया गया कि इन 5 व्यक्तियों के नाम नोटिफिकेशन में शामिल नहीं हैं। इसी के आधार पर बैंक खातों की जांच की गई। जिसमें इन्हें पेमेंट एसडीएम के हस्ताक्षर के बाद ट्रांसफर हुई थी।

# शिक्षा विभाग क्लास फोर युनियन के प्रधान पद के चुनाव सम्पन्न



चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। शिक्षा विभाग की क्लास फोर इम्प्लाइज यूनियन के प्रधान पद के लिए आयोजित चुनाव मस्जिद ग्राउंड में वोटिंग से सम्पन्न हुए। चुनाव में गुरप्रीत सिंह ने एकतरफा जीत हासिल की, उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी सुरेश कुमार को 246 वोटों के अंतर से हराया। चुनाव में कुल 286 वोट पड़े। गुरप्रीत सिंह के पक्ष में 266 व सुरेश कुमार के पक्ष में मात्र 20 वोट पड़े। इस मौके नवनिर्वाचित प्रधान गुरप्रीत सिंह ने अपनी कार्यकारिणी घोषित की। क्लास फोर इम्प्लाइज यूनियन के चेयरमैन गया प्रसाद ने बताया कि चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में सम्पन्न हुई, जिसमें यूनियन सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। चुनाव में तीन उम्मीदवारों ने प्रधान पद के लिए नामांकन भरे थे। जिसमें संजय कुमार, गुरप्रीत सिंह व सुरेश कुमार प्रधान पद के दावेदार थे। मौके पर संजय कुमार ने गुरप्रीत सिंह के समर्थन में अपनी दावेदारी छोड़ दी थी।

# श्री शारदा माता मंदिर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई शनि जयंती

डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। श्री शारदा माता परिवार 7249 द्वारा संचालित श्री शारदा माता मंदिर में शनि जयंती श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिर कमेटी की ओर से जरूरतमंद लोगों की सहायता के उद्देश्य से सिलाई मशीनें दान की गई। साथ ही मां के लाडले कीर्तन मंडली की महिलाओं ने भक्ति रस से ओत-प्रोत कीर्तन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के बीच खुशी और उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान मंदिर



कमेटी के प्रधान राकेश अचिंत और चेयरमैन राकेश मेहता ने उपस्थित संगत को संबोधित करते हुए कहा कि मंदिर केवल पूजा-अर्चना के केंद्र नहीं, बल्कि समाज सेवा और मानव कल्याण के भी प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मंदिर कमेटी भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों की हर संभव सहायता करती रहेगी तथा समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने के लिए कार्य करती रहेगी। उन्होंने कहा कि हिंदू समाज को एकजुट रखना और सेवा कार्यों को बढ़ावा देना समिति का मुख्य उद्देश्य है।

## Happy Birthday



नाम्या

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

## आज के समाज में विवाह का बदलता स्वरूप

आज के आधुनिक समाज में विवाह धीरे-धीरे एक मजाक बनता जा रहा है। पहले विवाह को एक पवित्र बंधन माना जाता था, जिसमें पति-पत्नी जीवनभर सुख-दुख में एक-दूसरे का साथ निभाने की शपथ लेते थे। लेकिन आज कई लोग अपने स्वार्थ, अहंकार और दिखावे के कारण वैवाहिक जिम्मेदारियों को समझने और निभाने से बचने लगे हैं। कभी लड़का अपनी जिम्मेदारियों से पीछे हटता है तो कभी लड़की अपने नैतिक मूल्यों को भूल जाती है। आज छोटी-छोटी बातों पर झगड़े होना आम हो गया है। आपसी समझ, धैर्य और त्याग की कमी के कारण मामूली गलतियां बड़े विवाद का रूप ले लेती हैं। परिवार और समाज की सलाह को भी लोग महत्व नहीं देते। सोशल मीडिया, आधुनिक जीवनशैली और बढ़ती स्वार्थ भावना ने रिश्तों में दूरियां बढ़ा दी हैं। जब पति-पत्नी एक-दूसरे को समझने के बजाय केवल अपनी बात मनवाने की कोशिश करते हैं, तब घर का वातावरण तनावपूर्ण हो जाता है। यही तनाव धीरे-धीरे कलह में बदलता है और

अंतत: विवाह तलाक तक पहुंच जाता है। वास्तव में विवाह केवल अधिकारों का नहीं बल्कि कर्तव्यों, विश्वास, प्रेम और सम्मान का रिश्ता है। यदि दोनों साथी धैर्य और समझदारी से अपने रिश्ते को निभाएं, तो विवाह जीवन का सबसे सुंदर बंधन बन सकता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या Husband या Wife की Call Recording कोर्ट में इस्तेमाल हो सकती है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आज के समय में वैवाहिक विवादों में Call Recording, WhatsApp Chats और अन्य electronic evidence का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसी recording अदालत में मान्य (admissible) होती है? भारतीय साक्ष्य कानून के अनुसार, electronic evidence को अदालत में प्रस्तुत किया जा सकता है, लेकिन उसके लिए कुछ कानूनी शर्तों का पालन जरूरी होता है।

यदि कोई Call Recording वास्तविक (genuine) है, उसमें छेड़छाड़ (tampering) नहीं हुई है, और वह मामले से संबंधित है, तो अदालत उसे evidence के रूप में स्वीकार कर सकती है। हालांकि, केवल recording होना पर्याप्त नहीं है। उसकी authenticity साबित करनी होती है। कई मामलों में अदालत electronic records के लिए आवश्यक प्रमाण-पत्र (certificate) और तकनीकी पहलुओं को भी देखती है। वैवाहिक मामलों में ऐसी recordings का उपयोग cruelty, threats, harassment, या अन्य व्यवहार को साबित करने के लिए किया जाता है।

लेकिन यह भी महत्वपूर्ण है कि privacy और misuse के मुद्दे भी अदालत के सामने आते हैं। इसलिए हर recording अपने आप में निर्णायक नहीं होती—उसकी परिस्थितियां और विश्वसनीयता भी महत्वपूर्ण होती है।

कई लोग यह मान लेते हैं कि कोई भी secretly recorded conversation सीधे केस जिता देगी, जबकि अदालत हर evidence को सावधानी से परखती है।

निष्कर्ष: Call Recording अदालत में evidence बन सकती है, लेकिन उसकी authenticity और कानूनी स्वीकार्यता साबित करना आवश्यक होता है। Electronic evidence का महत्व बढ़ा है, लेकिन उसकी जांच भी उतनी ही गंभीरता से की जाती है।

# यज्ञ करने से मिलता है इंसान के मन में पनपते दूषित विकारों से छुटकारा - महंत प्रवीण चौधरी





लुधियाना/यूटर्न/16 मई। मां बगलामखी धाम में महंत प्रवीण चौधरी के सानिध्य में व्यापार वृद्धि यज्ञ का आयोजन किया गया। हजारों भक्तों ने यज्ञ में आहूतियां डालकर मां बगलामुखी का आभार व्यक्त करते हुए विश्व में अमन शांति की प्रार्थना कर समस्त प्राणियो व व्यापार वृद्धि के लिए मंगल कामना की। महंत प्रवीण चौधरी ने यज्ञ को मानव जीवन के लिए कल्याणकारी बताते हुए कहा यज्ञ करने से इंसान के मन में पनपते दूषित विकारों छुटकारा मिलता है। महंत चौधरी ने कहा कि वैदिक परम्परा के अनुसार यज्ञ न केवल कर्मकांड है बल्कि जीवन को अनुशासित व अर्थपूर्ण बनाने का सुगम रास्ता है। मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ में आहुतियां डालने से तन शुद्ध होता है। इस अवसर पर मनप्रीत छतवाल, सुनील महाजन, रमन घई, जतिन्द्र सूद, मोहित सूद, सुधीर महाजन, गौरव कालिया, सुनील हांडा, जतिन सूद, संदीप सूद, तरुण चौधरी, परमवीर चौधरी, नरिन्द्र सिंगला, इकबाल सिंह, बलजीत त्रिखा, गौतम सचदेवा, नरिन्द्र महाजन, अंकुश सिंगला, चेतन टंडन, साहिल सिंगला, राज सोंलकी, पंकज गुप्ता, दीपक गर्ग, दिनेश रल्ली, वरूण जैन, मनीष गुप्ता, विजय गुप्ता, प्रवेश चड्ढा, रमन शर्मा, आदित्य गुप्ता, वरुण चोपड़ा, तुषार बंसल, धीरज गुप्ता, जनकराज सिंगला, बौबी मक्कड़, नितेश सूद, राकेश पासी, गुनीत खैरा, अजय जैन, रविन्द्र सिंह वालिया, तेजिन्द्र मिगलानी, वरुण दत्त उपस्थित रहे।

# चंडीगढ़ के 'ऑक्सीजन बैंक' बने 300 साल पुराने बरगद

## शहर की विरासत भी, लंबी और स्वस्थ जिंदगी का प्राकृतिक सहारा भी

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/16 मई। सिटी ब्यूटीफुल की पहचान सिर्फ चौड़ी सड़कें और खूबसूरत सेक्टर नहीं, बल्कि सदियों पुराने बरगद के पेड़ भी हैं, जो आज भी शहर को सांसें दे रहे हैं। वट सावित्री के अवसर पर जहां महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रख रही हैं, वहीं चंडीगढ़ के 200 से 300 साल पुराने वटवृक्ष पूरे शहर की उम्र बढ़ाने का काम कर रहे हैं। चंडीगढ़ प्रशासन के सरकारी रिकॉर्ड बताते हैं कि शहर के हेरिटेज पेड़ों में एक बड़ा हिस्सा बरगद के वृक्षों का है। ये विशालकाय पेड़ न केवल ऑक्सीजन का बड़ा स्रोत हैं बल्कि शहर के पर्यावरणीय संतुलन और तापमान नियंत्रण में भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।



**शहर में 31 प्राचीन बरगद, कई 300 साल पुराने...**शहर के अलग-अलग हिस्सों में बरगद के कुल 31 हेरिटेज वृक्ष मौजूद हैं। इनमें सेक्टर-15, 18, 19, 28, 29, 38 और सुखना लेक के आसपास खड़े कई वटवृक्षों की उम्र 300 साल तक मानी जाती है। इन पेड़ों को शहर के 'ग्रीन लंग्स' यानी प्राकृतिक फेफड़े कहा जाता है। पर्यावरणविद राहुल महाजन के अनुसार चंडीगढ़ की हरियाली और साफ हवा को बनाए रखने में इन प्राचीन बरगदों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। उनका कहना है कि तेजी से बढ़ते कंक्रीट और प्रदूषण के बीच यही पेड़ शहर को संतुलित बनाए हुए हैं।

**शहर बसाते समय बदला गया था नक्शा...**चंडीगढ़ की प्लानिंग के दौरान भी इन पेड़ों को विशेष महत्व दिया गया था। सेक्टर-18, 28 और 38 में मौजूद कई प्राचीन बरगदों को बचाने के लिए शहर का नक्शा तक बदला गया, ताकि इन्हें काटना न पड़े। आज ये वृक्ष सिर्फ हरियाली नहीं बल्कि शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान बन चुके हैं।

**एक बरगद रोज देता है 275 लीटर ऑक्सीजन...**मुख्य वन संरक्षक सौरभ कुमार के मुताबिक एक परिपक्व बरगद का पेड़ प्रतिदिन करीब 275 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है, जो चार वयस्क लोगों की दैनिक जरूरत पूरी कर सकता है। इतना ही नहीं, यह सालाना 20 से 22 किलो कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित करता है और सल्फर डाइऑक्साइड व नाइट्रोजन ऑक्साइड जैसे प्रदूषकों को भी फिल्टर करता है।

विशेषज्ञों के अनुसार बरगद की घनी छाया आसपास का तापमान 3 से 5 डिग्री तक कम कर देती है। इसकी चौड़ी पत्तियों के कारण प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे ऑक्सीजन उत्पादन कई गुना बढ़ जाता है।

# बरवाला-मौली रोड पर ट्रैफिक पुलिस की बड़ी कार्रवाई, दो ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियां पकड़ीं

पंचकूला/यूटर्न/15 मई। सड़क सुरक्षा को लेकर सख्ती बरत रही पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार को बरवाला-मौली रोड पर औचक नाकाबंदी कर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दो ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रालियों को पकड़कर उनके खिलाफ कार्रवाई की। दोनों वाहनों से कुल 55 हजार रुपये के चालान किए गए और उन्हें मौके पर ही इंपाउंड कर दिया गया।



जानकारी के अनुसार चेकिंग अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस टीम ने देखा कि दो ट्रैक्टर-ट्रालियां निर्धारित क्षमता से अधिक सामान लेकर सड़क पर चल रही थीं। जांच के दौरान वाहनों के दस्तावेजों और अन्य यातायात नियमों की भी जांच की गई, जिसमें कई उल्लंघन सामने आए। कार्रवाई के समय सूरजपुर ट्रैफिक थाना प्रभारी अभिषेक भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोड वाहन सड़क हादसों की बड़ी वजह बनते हैं और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा पैदा करते हैं। ट्रैफिक एसीपी सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि दोनों वाहनों को इंपाउंड कर मौली चौकी में खड़ा करवा दिया गया है। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक पुलिस द्वारा भविष्य में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और ओवरलोडिंग से बचें, ताकि सड़क पर सभी की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# पिंजौर क्षेत्र में पुलिस ने बिना ई-रवाना बिल खनन सामग्री भरा टिप्पर पकड़ा




पंचकूला /यूटर्न/16 मई। पंचकूला के पिंजौर क्षेत्र के सुखोमाजरी बाईपास के नजदीक पुलिस ने खनन सामग्री से लदे एक टिप्पर को बिना ई-रवाना बिल के पकड़ने मे सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, बीती रात करीब 8 बजे पिंजौर थाना क्षेत्र के सुखोमाजरी बायपास के पास थाना प्रभारी इंस्पेक्टर बच्चू सिंह की अगुवाई में गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध टिप्पर को रुकने का इशारा किया गया। जब पुलिस टीम ने वाहन की जांच की और चालक से ई-रवाना बिल माँगा, तो चालक कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए टिप्पर को कब्जे में लेकर अमरावती चौकी में खड़ा करवाया। इसके पश्चात माइनिंग विभाग को सूचित किया गया और विभाग की मौजूदगी में आज वाहन को नियमानुसार इंपाउंड कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पंचकूला पुलिस की विभिन्न टीमें फील्ड में पूरी तरह सक्रिय हैं और संदिग्ध वाहनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि प्राकृतिक संसाधनों के अवैध दोहन में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। खनन विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर भविष्य में भी इसी प्रकार की छापेमारी और सख्त कार्रवाई जारी रहेगी ताकि जिले में अवैध खनन पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

## वोटर सूचियों की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पूरी पारदर्शिता से करवाई जाएगी : जिला निर्वाचन अधिकारी

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/15 मई। जिला निर्वाचन अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार पंजाब राज्य में वोटर सूचियों की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन करवाई जा रही है। इसके तहत जिले में बी.एल.ओज की ओर से 25 जून 2026 से 24 जुलाई 2026 तक घर-घर जाकर वोटरों से फार्म भरवाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंजाब अनिंदिता मित्रा के दिशा-निर्देशों के अनुसार होशियारपुर में वोटर सूचियों की यह स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित हिदायतों के अनुसार संपन्न करवाई जाएगी।




जिला निर्वाचन अधिकारी ने रिवीजन की तैयारियों संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि जिले में 1563 बी.एल.ओ., 151 सुपरवाइजर, 7 चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारी तथा 14 सहायक चुनाव रजिस्ट्रेशन अधिकारी सहित चुनाव अमला तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि बी.एल.ओज की ट्रेनिंग एवं अन्य तैयारियों से संबंधित सभी कार्य 15 जून 2026 से 24 जून 2026 तक पूरे कर लिए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी आशिका जैन ने बताया कि इस इंटेंसिव रिवीजन का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम वोटर सूची में शामिल करना तथा अयोग्य व्यक्तियों के नाम सूची से हटाना है।

## सुप्रीम कोर्ट में अगस्त 2026 में लगने वाली विशेष लोक अदालत को लेकर प्री-लोक अदालतें शुरू

दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/15 मई। सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया में 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को आयोजित की जाने वाली विशेष लोक अदालत के मद्देनजर जिला एवं उप-मंडल स्तर पर प्री-लोक अदालतों का आयोजन शुरू कर दिया गया है। सीजेएम-कम-सचिव जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी नीरज गोयल ने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजिंदर अग्रवाल के नेतृत्व में जिले में इन प्री-लोक अदालतों का आयोजन हो रहा है। जानकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया की ओर से 21 अप्रैल 2026 से 'समाधान समारोह' शुरू किया गया है, जिसका समापन अगस्त 2026 में विशेष लोक अदालत के रूप में होगा। इस संबंध में पंजाब स्टेट लीगल सर्विसेज अथॉरिटी के सदस्य सचिव के निर्देशों के तहत सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों को आपसी समझौते के माध्यम से निपटाने के लिए जिला कानूनी सेवा अथॉरिटियों को प्री-लोक अदालतें लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी को मुख्य कार्यालय एस.ए.एस. नगर के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट में लंबित होशियारपुर जिले से संबंधित मामलों की सूची प्राप्त हुई है। इन मामलों में दोनों पक्षों को नोटिस एवं समन जारी किए जा चुके हैं, ताकि आपसी सहमति से विवादों का समाधान किया जा सके। जिले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजिंदर अग्रवाल के नेतृत्व में जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी की ओर से 31 मई 2026 तक लगातार प्री-लोक अदालतें लगाई जाएंगी।



# सेहत विभाग की डेंगू से कागजी लड़ाई 'हर शुक्रवार डेंगू ते वार', बाकी दिन आराम !

अशोक सहगल

लूधिआना, यूटर्न 15 मई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे 'हर शुक्रवार डेंगू ते वार' अभियान व्यावहारिक तौर पर काम कार्यो में अधिक दिखाई देता है इस अभियान के अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक सर्वेक्षण और स्त्रोत नाशक गतिविधियां चलाने का दावा किया गया।

### डेंगू के कितने मामले आए सामने रिपोर्ट की गायब

जिले में डेंगू की अब तक कितने मरीज सामने आए हैं मरीजों की अस्पतालों की रिपोर्ट में क्या बताया गया क्या मरीज पॉजिटिव था अथवा नेगेटिव यह कभी नहीं बताया जाता बस क्रॉस चेकिंग के नाम पर अधिकतर मरीजों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नेगेटिव बताया जाता है और शेष को संदिग्ध परंतु स्वास्थ्य विभाग के पास अब तक कितने पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं और कितने संदिग्ध है यह भी सार्वजनिक नहीं किया जाता।



डेंगू के लारवा की जांच करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम

परंतु हर शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग अपनी वाह वाह करते हुए एक प्रेस नोट जारी कर देता है। मास मीडिया विभाग वालों का भी यही कहना है कि उनके पास जो जानकारी आई उसी के हिसाब से उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति बना दी जिससे यह आशंका और बढ़ जाती है कि स्वास्थ्य विभाग डेंगू की सही स्थिति को सामने नहीं लाना चाहता क्योंकि इससे उनकी कारगुजारी में फर्क पड़ता है।

### अगर अस्पताल देते हैं गलत रिपोर्ट तो कार्रवाई क्यों नहीं

लोगों का कहना है कि अगर अस्पताल डेंगू के बारे में गलत रिपोर्ट देते हैं तो स्वास्थ्य विभाग ऐसे अस्पतालों को नोटिस जारी क्यों नहीं करता की वैक्यूम आम जनता को लूट रहे हैं जबकि मरीज क्रास चेकिंग में नेगेटिव आया है। क्या आज तक एक भी अस्पताल को नोटिस जारी किया लोग इसका सीधा-सीधा अंदाजा यह लगते हैं की या तो स्वास्थ्य विभाग अस्पतालों को छूट दे रहा है या फिर अपनी परफॉर्मेंस बेहतर दिखने के लिए मनगढ़ंत रिपोर्ट तैयार कर रहा है जबकि स्वास्थ्य अधिकारियों का खाने हैं कि वह एलाईजा विधि से जांच करते हैं क्योंकि सरकार द्वारा एलाईजा विधि से ही डेंगू की जांच करने को कहा जाता है परंतु चिकित्सा विशेष उद्योग का कहना है कि एलिसा जांच में कई बार डेंगू पॉजिटिव होने का सप्ताह बाद दोबारा सैंपल लेने पर पता चलता है ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने कितने मरीजो के दोबारा सैंपल लिए यह कभी नहीं बताया गया।

### मलेरिया विभाग में कर्मचारियों की कमी पर टीमे बनाई 303

स्वास्थ्य विभाग के मलेरिया विंग में कर्मचारियों की कमी बताई जाती है परंतु जिले में डेंगू संबंधित सर्व करने के समय टीमों की संख्या 303 बताई जा रही है प्रेस विज्ञप्ति में यह दावा किया गया कि अभियान के दौरान जिले के 312 क्षेत्रों में 303 स्वास्थ्य टीमें तैनात की गईं। टीमों द्वारा 8,812 घरों का सर्वेक्षण किया गया तथा 19,993 पानी वाले कंटेनरों की जांच की गई। इनमें कूलर, फूलों के गमले, पुराने टायर, छतों पर रखी टंकियां तथा अन्य जल एकत्रित होने वाले स्थान शामिल थे। टीमों ने मच्छरों के प्रजनन स्थलों की पहचान कर लोगों को तत्काल रोकथाम उपाय अपनाने के लिए प्रेरित किया।

### समय से पहले आया डेंगू स्वास्थ्य विभाग की तैयारी अधूरी

इस वर्ष डेंगू सीजन से पहले ही सामने आया है परंतु स्वास्थ्य विभाग में डेंगू कंट्रोल करने के लिए कोई तैयारी पहले से नहीं कर रखी थी इसलिए अभी तक ना तो यह बताया गया की दवाइयां का कितना स्टॉक है स्प्रे करने वाली दवा कितनी है।

# पंजाब नगर निकाय चुनावों पर अकाली दल का बड़ा हमला

## 'धांधली हुई तो हाईकोर्ट जाएंगे' बिक्रम मजीठिया ने सरकार और अफसरशाही पर लगाए गंभीर आरोप

अजीत झा.चंडीगढ़। पंजाब में नगर निकाय चुनावों को लेकर सियासत तेज हो गई है। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया ने राज्य सरकार पर चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप और प्रशासनिक मशीनरी के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विपक्षी उम्मीदवारों के साथ हो रही कथित ज्यादतियों पर रोक नहीं लगी तो अकाली दल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का रुख करेगा।

चंडीगढ़ में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मजीठिया ने कहा कि नगर निकाय चुनावों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए सुनियोजित तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी उम्मीदवारों को एनओसी जारी करने में जानबूझकर देरी की जा रही है। कई जगह अधिकारी दफ्तरों से गायब मिले, कहीं मेडिकल लीव का बहाना बनाया गया तो कहीं कार्यालय ही बंद कर दिए गए।



### संजीव अरोड़ा मामले का भी उठाया मुद्दा

अकाली नेता ने पूर्व कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा से जुड़े मामलों का जिक्र करते हुए कहा कि कई फैसलों और प्रक्रियाओं की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता के टैक्स के पैसे का दुरुपयोग हुआ है और इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए।

### 'अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा'

मजीठिया ने दावा किया कि उनके पास ऐसी रिकॉर्डिंग मौजूद हैं जिनसे यह स्पष्ट होता है कि अधिकारियों पर दबाव डालकर चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश हो रही है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट फाइनल होने के बावजूद वोटों में हेरफेर और बाहरी मतदाताओं को जोड़ने की आशंका बनी हुई है। उन्होंने पंजाब के मुख्य सचिव केएपी सिन्हा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि कई विवादित फैसलों में उनकी भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। मजीठिया ने आरोप लगाया कि कुछ मामलों में रिकॉर्ड दबाने की कोशिश भी की गई।

### 'पंजाब में भय का माहौल'

*कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए मजीठिया ने कहा कि राज्य में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं और लोगों में डर का माहौल है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए किया जा रहा है। मजीठिया ने साफ कहा कि यदि चुनाव आयोग ने निष्पक्ष भूमिका नहीं निभाई तो शिरोमणि अकाली दल कानूनी लड़ाई लड़ते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर करेगा।*

# ट्रिब्यून चौक फ्लाईओवर पर हाईकोर्ट की ब्रेक

## पेड़ों की कटाई पर लगी रोक, बोला कोर्ट अगली सुनवाई तक नहीं हटेगी एक भी शाखा

अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। ट्रिब्यून चौक फ्लाईओवर परियोजना को लेकर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ा अंतरिम आदेश जारी किया है। अदालत ने परियोजना के लिए प्रस्तावित पेड़ों की कटाई और शाखाएं हटाने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगा दी है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ट्रिब्यून चौक के आसपास किसी भी आम या अन्य पेड़ को न तो काटा जाएगा और न ही उसकी छंटाई की जाएगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के बाद फ्लाईओवर परियोजना के लिए जमीन खाली कराने और निर्माण की तैयारी की प्रक्रिया फिलहाल रुक गई है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि इस मुद्दे पर पहले ही विस्तृत बहस हो चुकी है और याचिका के जल्द अंतिम निपटारे की संभावना है। ऐसे में यथास्थिति बनाए रखना उचित होगा। हालांकि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह अंतरिम आदेश अंतिम फैसले के अधीन रहेगा।



### पर्यावरण बनाम विकास की बहस तेज

हाईकोर्ट के आदेश के बाद अब यह मामला केवल ट्रैफिक प्रबंधन तक सीमित नहीं रह गया, बल्कि शहर के पर्यावरण, हरित क्षेत्र और विरासत संरक्षण से जुड़ी बड़ी बहस का रूप ले चुका है। आने वाली सुनवाई में अदालत यह तय करेगी कि परियोजना मास्टर प्लान और पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप है या नहीं।

### 'चंडीगढ़ की विरासत के लिए मृत्यु घंटी'

फ्लाईओवर परियोजना के खिलाफ दायर याचिका में इसे चंडीगढ़ के मास्टर प्लान, विरासत स्वरूप और मूल शहरी अवधारणा के खिलाफ बताया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता तनु बेदी ने अदालत में दलील दी कि मास्टर प्लान-2031 के अनुसार चंडीगढ़ को पैदल यात्रियों और साइकिल चालकों के अनुकूल शहर के रूप में विकसित किया जाना था, जबकि बड़े फ्लाईओवर और भारी ढांचागत निर्माण शहर की हरित पट्टियों, दृश्यात्मक पहचान और गैर-मोटर चालित परिवहन व्यवस्था को नुकसान पहुंचाएंगे। उन्होंने अदालत में कहा कि निजी वाहनों के लिए लगातार नए ढांचे तैयार करना ट्रैफिक जाम का स्थायी समाधान नहीं है, बल्कि इससे समस्या एक स्थान से दूसरे स्थान पर शिफ्ट होती है। याचिकाकर्ताओं ने फ्लाईओवर परियोजना को 'चंडीगढ़ की विरासत के लिए मृत्यु घंटी' तक करार दिया।

## 10वें दिन भी बेनतीजा रही सरकार से वार्ता, पंजाब में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल जारी; उग्र आंदोलन की चेतावनी

-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/16/मई। अपनी जायज मांगों को लेकर पिछले 10 दिनों से आंदोलन कर रहे पंजाब भर के सफाई सेवकों और नगर निगम (म्यूनिसिपल) कर्मचारियों के सब्र का बांध अब टूट रहा है। मांगों को लेकर सरकार और कर्मचारी यूनियनों के बीच हुई हाई-प्रोफाइल बैठक पूरी तरह



बेनतीजा रही, जिसके बाद राज्य में सफाई व्यवस्था का संकट और गहराने के आसार बन गए हैं।

### मैराथन बैठक में भी नहीं निकला कोई हल

मिली जानकारी के अनुसार, कल स्थानीय निकाय विभाग के ऑडिटोरियम में पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा, विभाग के डायरेक्टर कुलवंत सिंह सिद्धू, विधायक जिम्पा और सफाई सेवक यूनियन म्यूनिसिपल एक्शन कमेटी (पंजाब) के शीर्ष नेताओं के बीच घंटों लंबी बैठक हुई।

## 11वें दिन भी जारी कच्चे कर्मचारियों की हड़ताल, नगर कौंसिल दफ्तर के बाहर लगाया कूड़े का ढेर



जीरकपुर/यूटर्न/15 मई। जीरकपुर नगर कौंसिल में कच्चे कर्मचारियों की हड़ताल लगातार 11वें दिन भी जारी रही। अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे कर्मचारियों ने शनिवार को नगर कौंसिल कार्यालय के बाहर कूड़े का ढेर लगाकर प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं की गई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बीते 11 दिनों से चल रही हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ा है। शहर के विभिन्न इलाकों में कूड़े के ढेर जमा होने लगे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ते कूड़े के कारण लोगों में स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ने लगी हैं।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्याओं का कोई समाधान नहीं निकला है। रोष स्वरूप कर्मचारियों ने नगर कौंसिल कार्यालय परिसर के बाहर कूड़ा डालकर प्रशासन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। कर्मचारियों ने शहरवासियों से भी समर्थन की अपील करते हुए कहा कि यह लड़ाई केवल कर्मचारियों की नहीं, बल्कि शहर की व्यवस्था और अधिकारों से जुड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन जल्द कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाता तो आने वाले दिनों में आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है। उधर, लगातार जारी हड़ताल के कारण जीरकपुर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है और नगर कौंसिल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लगे हैं। शहरवासी अब जल्द समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर सोसाइटी में बड़ा फेरबदल, उपाध्यक्ष और महिला अध्यक्ष पद से हटाए गए



अजीत झा
चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। शहर की डोर-टू-डोर गार्बेज कलेक्टर सोसाइटी (रजि. नं. 3477) में शनिवार को आयोजित विशेष बैठक के दौरान कार्यकारिणी में बड़ा बदलाव देखने को मिला। प्रधान धर्मबीर राणा की अध्यक्षता में हुई इस अहम बैठक में सोसाइटी के कई पदाधिकारियों और सदस्यों ने हिस्सा लिया, जहां संगठन की कार्यप्रणाली और अनुशासन को लेकर गंभीर चर्चा की गई। बैठक के दौरान महासचिव बिजेन्द्र डुलगच ने कहा कि कुछ पदाधिकारी लंबे समय से सोसाइटी की महत्वपूर्ण बैठकों से दूरी बनाए हुए थे और संगठन के संविधान के विपरीत कार्य कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे को लेकर कार्यकारिणी के समक्ष प्रस्ताव रखा गया, जिस पर सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। इसके बाद कार्यकारिणी ने बड़ा फैसला लेते हुए वर्तमान उपाध्यक्ष मदन मलिक और महिला अध्यक्ष सोनिया अमित अटवाल को उनके पदों से मुक्त कर दिया। सोसाइटी के पदाधिकारियों का कहना है कि संगठन की मजबूती और सुचारू संचालन के लिए यह निर्णय जरूरी था। बैठक में नई नियुक्तियों की घोषणा भी की गई। सर्वसम्मति से मोनू चारण को नया उपाध्यक्ष और गीता (शक्तिमान) को नया महिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नई टीम से संगठन को और अधिक मजबूत करने की उम्मीद जताई गई।

# मिलनसार इंसान थे स्वर्गीय श्री नरेश कुमार



लुधियाना/यूटर्न/16 मई। पिछली दिनों संसारिक यात्रा पूरी कर प्रभु के चरणों में जा बिरजे श्री नरेश कुमार की आत्मिक शांति के लिए 16 मई दिन शनिवार को सराभा नगर स्थित दुर्गा माता मंदिर में परेयर मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान भारी संख्या में सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक आगू परेयर मीटिंग में शामिल हुए। इस दौरान पारिवारिक सदस्यों ने बताया कि स्वर्गीय श्री नरेश कुमार काफी मिलनसार और धार्मिक व शांत स्भाव के इंसान थे। जिनकी और से अपना पूरा जीवन दूसरों की सहायता करने और प्रभु का नाम जपने में लगाया। इस दौरान पारिवारिक सदस्यों में संगीता अरोड़ा, नाजुक, सचिन अरोड़ा, तानिया, सागर अरोड़ा, रेखा-बलबीर कुमार, शैली-विजय कुमार, संजना-हरीष कुमार, नमिता-मनोज, मीनू- विमन खोसला, रुपम-संदीप सूद व अन्य मौजूद रहे।

## धर्मशाला में पंजाब किंग्स और आरसीबी के बीच होने वाले आईपीएल मैच की सीटों की कीमत 50,000 तक पहुंची

### लुधियाना, जालंधर और अमृतसर से हजारों फैंस के धर्मशाला पहुंचने की उम्मीद

चंडीगढ़/यूटर्न/16 मई। 17 मई को धर्मशाला के खूबसूरत हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होने वाला आईपीएल मुकाबला इस सीजन के सबसे ज्यादा मांग वाले खेल आयोजनों में से एक बन गया है। खबर है कि प्रीमियम टिकटों की कीमत 50,000 रुपये प्रति सीट तक पहुंच गई है। पंजाब से हजारों फैंस, जिनमें ज्यादातर लुधियाना, जालंधर और अमृतसर के हैं, ने मैच देखने के लिए टिकट बुक करवा लिए हैं। क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के आने से भारी भीड़ जुटने की उम्मीद है, और प्लेऑफ की दावेदारी से उत्साह और भी बढ़ गया है। इस वजह से, इस खूबसूरत पहाड़ी जगह पर टिकटों की मांग उनकी सप्लाई से कहीं ज्यादा हो गई है। यह जगह अपनी सीमित बैठने की क्षमता और धौलाधार पर्वतमाला के शानदार नजारे के लिए जानी जाती है।



#### पर्यटन और यात्रा का जबरदस्त दौर शुरू

इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को लेकर लोगों में इतना उत्साह है कि धर्मशाला और आस-पास के शहरों में पर्यटन और यात्रा का जबरदस्त दौर शुरू हो गया है। ट्रैवल ऑपरेटरों ने बताया कि इस रूट पर हवाई किराया, जो आमतौर पर 5,000 से 7,000 रुपये के बीच रहता है, मैच के दिनों में लगभग तीन गुना बढ़कर 18,000 से 24,000 रुपये के बीच पहुंच गया है। इस हाई-वोल्टेज मुकाबले को देखते हुए ट्रैफिक और सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हिमाचल प्रदेश पुलिस से उम्मीद है कि वह स्टेडियम के आस-पास भीड़ को कंट्रोल करने के लिए ट्रैफिक के खास रूट, पार्किंग के लिए खास जोन और शटल सर्विस के प्लान लागू करेगी।

#### टिकटों की जबरदस्त मांग

25,000 लोगों की क्षमता वाले इस स्टेडियम में टिकटों की जबरदस्त मांग देखी जा रही है, खासकर हॉस्पिटैलिटी लाउंज, पवेलियन सीटों और कॉर्पोरेट बॉक्स के लिए। ट्रैवल पोर्टल और स्थानीय होटल मालिकों का कहना है कि धर्मशाला और पास के मैकलियोडगंज में इस वीकेंड के लिए लगभग सभी कमरे बुक हो चुके हैं। क्रिकेट के इस क्रेज की वजह से लक्जरी होटलों और बुटीक स्टे के किरायों में भारी बढ़ोतरी हुई है; कुछ जगहों पर तो कमरों की कीमतें दोगुनी हो गई हैं। धर्मशाला में कमरों की कमी के चलते कई पर्यटक कांगड़ा और पालमपुर में रुकना पसंद कर रहे हैं।

## पंजाब अपने हिस्से का एक घूंट भी हरियाणा को बेकार नहीं देगा : मुख्यमंत्री मान

नवीन गोगना

लुधियाना/चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशवासियों को पेट्रोल-डीजल बचाने और 'वर्क फ्रॉम होम' करने का संदेश देते हैं, लेकिन वह खुद इन दिनों नीदरलैंड्स के दौरे पर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव खत्म होते ही तेल की कीमतें फिर से बढ़ाकर जनता पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया गया है।



#### BBMB और हरियाणा को पानी देने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री का सख्त रुख

भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (BBMB) और हरियाणा को पानी देने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पंजाब अपने हिस्से का एक घूंट भी पानी बेकार नहीं देगा। उन्होंने कहा कि 21 जून से जो वार्षिक कोटा तय किया गया है, वही दिया जाएगा। उससे पहले कोई अतिरिक्त पानी नहीं दिया जाएगा, चाहे वहां केंद्रीय सुरक्षा बल (CISF) ही क्यों न तैनात कर दिए जाएं।

#### AAP ने स्थानीय निकाय चुनावों में बड़ी जीत का दावा किया

आगामी नगर निगम और नगर परिषद चुनावों को लेकर मुख्यमंत्री ने दावा किया कि विपक्षी दलों का सफाया तय है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, कोई मैदान में नहीं है, आप क्यों दुविधा में हैं? उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली, रोजगार और टोल प्लाजा फ्री करने जैसे फैसलों की वजह से जनता आम आदमी पार्टी (AAP) के साथ मजबूती से खड़ी है।

# लॉरेंस के नाम पर दो करोड़ की मांगी रंगदारी, मोहाली के कारोबारी को 24 घंटे में अंजाम भुगतने की धमकी

खरड़/यूटर्न/16 मई। चंडीगढ़ पुलिस ने मोहाली के खरड़ निवासी एक कारोबारी से लॉरेंस गैंग के नाम पर 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में जीरो एफआईआर दर्ज की है। इस मामले की जांच अब मोहाली पुलिस को सौंप दी गई है। यह धमकी एक अज्ञात नंबर वाइस रिकार्डिंग भेजकर दी गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, कॉल डिटेल रिकॉर्ड, वॉइस रिकॉर्डिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच एजेंसियां इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई में तेजी ला रही हैं।




## पत्नी और बच्चों के बारे में पूरी जानकारी होने का किया दावा

लवप्रीत सिंह के अनुसार, आरोपी ने उनकी पत्नी पायल और बेटी अवनीत कौर का नाम लेकर परिवार की निजी जानकारी होने का दावा किया। साथ ही, सेक्टर-17 स्थित उनके ऑफिस की जानकारी होने की बात कहकर डराने का प्रयास किया, जिससे परिवार में दहशत फैल गई। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके पास धमकी से जुड़ी वॉइस रिकॉर्डिंग और अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य मौजूद हैं।

## २4 घंटे में परिणाम भुगतने की चेतावनी

संते माजरा कॉलोनी, सेक्टर-127 के निवासी शिकायतकर्ता लवप्रीत सिंह का ऑफिस M/S Waheguru Productions, सेक्टर-2`2B, चंडीगढ़ में है। उन्होंने ररढ चंडीगढ़ को शिकायत दी। इसमें उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल 2026 की सुबह उन्हें एक अज्ञात नंबर से धमकी भरी वॉइस रिकॉर्डिंग मिली। इसमें आरोपी ने खुद को ₹हैरी बॉक्सर₹ बताते हुए लॉरेंस गैंग से जुड़ा होने का दावा किया। उनसे 2 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी। न देने पर 24 घंटे में गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

# 90 वर्ष की हुई आकाशवाणी, वॉकाथॉन का आयोजन

अशोक सहगल

चंडीगढ़, यूटर्न 16 मई। आकाशवाणी के गौरवपूर्ण 90 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार सुबह एक भव्य वॉकाथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आकाशवाणी चंडीगढ़, दूरदर्शन, पत्र सूचना कार्यालय (PIB), सीसीडब्ल्यू सहित विभिन्न संस्थानों के 200 से अधिक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।




वॉकाथॉन को सुमीत गोयल, डीडीजी एवं क्लस्टर हेड, आकाशवाणी एवं दूरदर्शन द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में उत्साह, एकजुटता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का विशेष वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विकास भट्ट, निदेशक (इंजीनियरिंग); श्रीमती पूनम अमृत सिंह, प्रोग्राम हेड, आकाशवाणी; अश्वनी कुमार, न्यूज हेड AIR; सुश्री आकांक्षा सक्सेना, न्यूज हेड DDK; प्रीतम सिंह, निदेशक, पत्र सूचना कार्यालय चंडीगढ़; श्रीमती मीनाक्षी कालिया, एडीपी, आकाशवाणी; तथा अश्वनी कुमार, प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव सहित विभिन्न सहयोगी संस्थानों के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं उनके बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

वॉकाथॉन को आम नागरिकों से भी अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई। प्रातः भ्रमण करने वाले अनेक लोगों तथा आकाशवाणी के पुराने श्रोताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए आकाशवाणी से जुड़ी अपनी पुरानी यादें एवं अनुभव प्रतिभागियों के साथ साझा किए।

# चंडीगढ़ नगर निगम के मुख्य अभियंता ने किया मलोया STP का निरीक्षण, AMRUT 2.0 परियोजना में तेजी लाने के निर्देश

चंडीगढ़, यूटर्न 16 मई। नगर निगम चंडीगढ़ के मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा ने शनिवार को मलोया स्थित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (STP) का दौरा कर प्लांट की कार्यप्रणाली, सीवेज ट्रीटमेंट प्रक्रिया और पर्यावरण मानकों की समीक्षा की। इस दौरान नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और इंजीनियर भी उनके साथ मौजूद रहे।



निरीक्षण के दौरान मुख्य अभियंता ने प्लांट के विभिन्न हिस्सों जैसे इनलेट वर्क्स, एरेशन टैंक, क्लैरीफायर, स्लज हैंडलिंग सिस्टम, लैबोरेट्री और ट्रीटेड वाटर डिस्चार्ज व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने क्कड प्रमाणित STP के सुचारू संचालन पर संतोष जताते हुए प्लांट स्टाफ की कार्यशैली की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्लांट से निकलने वाला शोधित पानी निर्धारित मानकों के अनुरूप है।

इसके बाद मुख्य अभियंता ने AMRUT 2.0 योजना के तहत चल रहे टर्शियरी ट्रीटेड वाटर प्रोजेक्ट की प्रगति की भी समीक्षा की। इस परियोजना के अंतर्गत अंडरग्राउंड रिजर्वायर और अन्य संबंधित ढांचे का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परियोजना को तय समय सीमा में पूरा करने के लिए कार्य में तेजी लाई जाए।

मुख्य अभियंता ने कहा कि यह परियोजना शहर में जल पुनर्चक्रण को बढ़ावा देगी, पीने योग्य पानी पर निर्भरता कम करेगी और चंडीगढ़ में सतत शहरी जल प्रबंधन को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभाएगी।

# सेक्टर-32 अस्पताल में सुरक्षा कर्मचारी की सतर्कता से फरार कैदी गिरफ्तार

चंडीगढ़/यूटर्न/15 मई। सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल में शुक्रवार को सुरक्षा कर्मचारी की सतर्कता और बहादुरी से एक शातिर चोर को पकड़ लिया गया, जो बाद में बुरैल जेल से फरार भगोड़ा कैदी निकला।



आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार सुरक्षा कर्मचारी अवतार सिंह की ड्यूटी सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक सिक्योरिटी कंट्रोल रूम में थी। इसी दौरान ब्लड बैंक के एक कर्मचारी ने उन्हें सूचना दी कि पार्किंग क्षेत्र में घूम रहे दो युवक संदिग्ध लग रहे हैं और उनकी गतिविधियां चोरी जैसी प्रतीत हो रही हैं।

सूचना मिलते ही अवतार सिंह तुरंत पार्किंग की ओर पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक युवक मोटरसाइकिल की पाइप काटकर पेट्रोल चोरी कर रहा था। आरोपी ने पकड़े जाने पर धक्का देकर भागने की कोशिश की, लेकिन अवतार सिंह ने उसका पीछा किया और करीब आधा किलोमीटर दूर नर्सिंग कॉलेज के सामने उसे दबोच लिया। इसके बाद आरोपी को सेक्टर-32 पुलिस चौकी लाया गया। तलाशी के दौरान उसके पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पुलिस द्वारा एक मोबाइल ऑन करने पर तुरंत कॉल आई, जिसमें कॉल करने वाले व्यक्ति ने फोन अपना होने और चोरी होने की बात कही। बाद में मोबाइल का असली मालिक चौकी पहुंचा और फोन की पहचान कर उसे वापस ले लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी के खिलाफ पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि वह बुरैल जेल से फरार चल रहा भगोड़ा कैदी है। सूचना मिलते ही बुरैल जेल पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को अपने साथ ले गई। अस्पताल परिसर में सुरक्षा कर्मचारी अवतार सिंह की बहादुरी और सतर्कता की जमकर सराहना हो रही है। लोगों का कहना है कि उनकी सूझबूझ और तत्परता से एक बड़ी चोरी की वारदात टल गई।

# एचडीसीए खिलाड़ी आर्यन अरोड़ा व हर्षित नंदा के अंडर-19 चयन से होशियारपुर हुआ गौरवांवितः डा. घई



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर//यूटर्न/15 मई। एचडीसीए सेंटर में प्रशिक्षण ले रहे युवा क्रिकेटर आर्यन अरोड़ा व हर्षित नंदा के नैशनल अंडर-19 स्कूल क्रिकेट में पंजाब की ओर से खेलने से पूरे एचडीसीए में खुशी की लहर है। इस संबंधी जानकारी देते हुए एचडीसीए सचिव डा. रमन घई ने बताया कि महबूब नगर तेलंगाना में हुई राष्ट्रीय स्कूल अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में इन दोनों खिलाड़ियों ने अपने बढ़िया प्रदर्शन से पंजाब को नॉकआउट दौर में पहुंचाने के लिए अहम भूमिका निभाई। डा. घई ने बताया कि एचडीसीए के यह युवा खिलाड़ी पिछले कई वर्षो से कड़ी मेहनत कर रहे हैं तथा आर्यन अरोड़ा इससे पहले पंजाब की अंडर-16 टीम का भी हिस्सा रह चुका है। उन्होंने बताया कि जिस मेहनत और लग्न से यह युवा क्रिकेटरों के साथ एचडीसीए सेंटर में अन्य क्रिकेटर बीसीसीआई के क्वालिफाइड कोचों द्वारा क्रिकेट की बारीकियां सीख रहे हैं उससे आने वाले समय में होशियारपुर के खिलाड़ियों का भविष्य उज्ज्वल होगा। डा. घई ने आर्यन व हर्षित के पंजाब अंडर-19 नैशनल खेलकर वापिस लौटने पर एचडीसीए की ओर से सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

Uturn Time 17 May 2026_Layout 2 16-05-2026 23:42 Page 11



# पूर्व अकाली नेता सुरजीत रखड़ा आप में शामिल, सीएम मान ने करवाई पार्टी जॉइन

पंजाब/यूटर्न/16 मई। शिरोमणि अकाली दल के वरिष्ठ नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरजीत सिंह रखड़ा औपचारिक रूप से आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। पटियाला में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुद उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। रखड़ा ने मंच से साफ किया कि पंजाब सरकार द्वारा बेअदबी के मामलों पर लाया गया सख्त कानून और राज्य में नहरों के जरिए पानी पहुंचाने की ऐतिहासिक मुहिम ही उनके आप में शामिल होने की मुख्य वजह बनी है। वह आगामी चुनाव में समाना निर्वाचन क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अपनी राजनीतिक पारी की नई शुरूआत करेंगे।



# चुनावी जश्न की भीड़ में मोबाइल चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार, 3 दिन के पुलिस रिमांड पर आरोपी

पंचकूला/यूटर्न/15 मई। नगर निगम चुनाव परिणामों के दौरान जीत के जश्न में उमड़ी भीड़ का फायदा उठाकर लोगों के मोबाइल फोन और नकदी चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजेश कुमार उर्फ राजू निवासी जिला जींद, हरियाणा (उम्र 36 वर्ष) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ हरियाणा के विभिन्न जिलों जींद, हिसार और फतेहाबाद में चोरी, लड़ाई-झगड़ा और शराब तस्करी सहित 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है, जबकि उसके साथी की तलाश में लगातार छापेमारी जारी है।




# विज्ञान के मंच पर चमके जीएचजी अकादमी के नन्हे वैज्ञानिक

## ओलंपियाड में दिखाया हुनर, कक्षा 3 से 8वीं तक के छात्रों ने तार्किक क्षमता और नवाचार से जीता सबका दिल

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/16/मई। विद्यार्थियों के भीतर छिपी जिज्ञासा, नवाचार और वैज्ञानिक सोच को उड़ान देने के लिए स्थानीय जी.एच.जी. अकादमी में एक भव्य 'साइंस ओलंपियाड' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से लेकर आठवीं तक के नन्हे वैज्ञानिकों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया और अपनी कुशाग्र बुद्धि का लोहा मनवाया। यह आयोजन युवा प्रतिभाओं के लिए अपनी वैज्ञानिक समझ, तार्किक सोच और समस्या-समाधान की क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन मंच साबित हुआ।



### चुनौतीपूर्ण सवालों के बीच दिखा गजब का आत्मविश्वास

ओलंपियाड के दौरान छात्रों का आत्मविश्वास देखने लायक था। विज्ञान, जटिल तर्कशक्ति (रीजनिंग) और सामान्य जागरूकता पर आधारित कठिन और घुमावदार प्रश्नों का विद्यार्थियों ने बड़ी ही चतुराई और दृढ़ संकल्प के साथ सामना किया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य किताबी ज्ञान से परे जाकर बच्चों में एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण (साइंटिफिक टेम्परामेंट) विकसित करना और उनकी मौलिक समझ को मजबूत करना था।

### उत्साह से गूंज उठा स्कूल परिसर

प्रतियोगिता को लेकर छात्रों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा और उत्साह का माहौल था। हर प्रतिभागी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह समर्पित नजर आया। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों की इस सक्रिय भागीदारी और उनके शानदार प्रदर्शन की जमकर सराहना की।

*'विज्ञान केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन को देखने का नजरिया है। हमारे बच्चों ने आज जिस रचनात्मकता और जिज्ञासा का परिचय दिया है, वह यह साबित करता है कि आने वाला कल इन्हीं बाल वैज्ञानिकों का है।'*

*-प्रिंसिपल ग्रेवाल*

प्रिंसिपल रमणजोत कौर ग्रेवाल ने सभी सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य में भी इसी तरह खोजपरक बने रहने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही, स्कूल प्रबंधन ने भी इस पूरे आयोजन को बेहद सुचारू और सफल बनाने के लिए शिक्षक वर्ग और स्टाफ सदस्यों की पीठ थपथपाई।

यह साइंस ओलंपियाड केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक और समृद्ध शैक्षणिक अनुभव साबित हुआ, जिसने उन्हें भविष्य में शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने का हौसला दिया है।

# जेनिफर विंगेट का बोल्ड अवतार, तस्वीरें वायरल




टीवी एक्ट्रेस जेनिफर विंगेट का ग्लैमरस अंदाज एक बार फिर सोशल मीडिया पर छा गया है। हाल ही में सामने आई उनकी बोल्ड और स्टाइलिश तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं। फैंस उनके इस नए अवतार की जमकर तारीफ कर रहे हैं और कमेंट्स की बाढ़ आ गई है। जेनिफर का यह लुक उनके फैशन सेंस और कॉन्फिडेंस को बखूबी दिखाता है।

# अलर्ट: 'सुपर एल नीनो' का साया–क्या इस साल सूखा और भीषण गर्मी की मार झेलेगा भारत?

नई दिल्ली/यूटर्न/15 मई। इस साल भारत के मौसम को लेकर चिंताएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सामान्य से कम बारिश के अनुमान के बीच अब 'सुपर एल नीनो' का खतरा भी मंडराने लगा है, जो मई से जुलाई के बीच सक्रिय होकर सर्दियों तक बना रह सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि इसका सीधा असर मानसून पर पड़ेगा, जिससे देश को कमजोर बारिश, सूखे और भीषण गर्मी जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। अमेरिकी मौसम एजेंसी NOAA के अनुसार, प्रशांत महासागर का तापमान इस समय सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है और इसके बने रहने की संभावना अब 82 प्रतिशत तक पहुंच




चुकी है। पहले यह संभावना 61 प्रतिशत आंकी गई थी, जो अब तेजी से बढ़ी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्रा ने भी चेतावनी दी है कि इस बदलाव का सीधा असर भारत के मानसून पर पड़ेगा और इससे सूखे का खतरा बढ़ सकता है। एल नीनो एक ऐसी स्थिति होती है, जब समुद्र का पानी असामान्य रूप से गर्म हो जाता है और हवाओं का पैटर्न बदल जाता है। इससे बारिश का संतुलन बिगड़ जाता है—कहीं सूखा तो कहीं बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। आसान शब्दों में, एल नीनो मानसूनी हवाओं को कमजोर कर देता है, जिससे भारत में बारिश कम हो जाती है। NOAA की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, सुपर एल नीनो के मई-जुलाई में विकसित होने की 82% संभावना है, जबकि इसके सर्दियों तक जारी रहने की 96% संभावना जताई गई है। इतना ही नहीं, इसके 'स्ट्रॉन्ग' या 'वेरी स्ट्रॉन्ग' रहने की संभावना 67% तक है, जो खतरे को और बढ़ा देता है।

# डेराबस्सी, लालड़ू और जीरकपुर में 'आप' का शक्ति प्रदर्शन, उम्मीदवारों ने भरे नामांकन

## नगर परिषद चुनाव को लेकर डेराबस्सी हल्के में गरमाई सियासत, 'आप' ने दिखाई ताकत





डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर डेराबस्सी हल्के में शनिवार को राजनीतिक माहौल पूरी तरह गर्म नजर आया। डेराबस्सी, लालड़ू और जीरकपुर में आम आदमी पार्टी ने एक साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए अपने उम्मीदवारों के नामांकन पत्र दाखिल करवाए। इस दौरान हल्का डेराबस्सी के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा की अगुवाई में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद रहे।

लालड़ू नगर परिषद के सभी 17 वार्डों के उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए, जबकि जीरकपुर और डेराबस्सी के विभिन्न वार्डों से भी पार्टी प्रत्याशियों ने चुनावी प्रक्रिया पूरी की। नामांकन के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और कई स्थानों पर जुलूस व शक्ति प्रदर्शन भी किए गए।

# कांग्रेस से टिकट न मिलने पर अकाली दल में शामिल हुआ परिवार, एनके शर्मा ने करवाई जॉइनिंग

## टिकट कटते ही बदला सियासी पाला, पूर्व विधायक एनके शर्मा ने अकाली दल में किया शामिल



डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। नगर परिषद चुनाव के बीच डेराबस्सी की राजनीति में नया मोड़ सामने आया है। कांग्रेस से टिकट न मिलने के बाद एक पुराने कांग्रेसी परिवार ने पार्टी से नाराज होकर अकाली दल का दामन थाम लिया। पूर्व विधायक एनके शर्मा ने परिवार को शिरोमणि अकाली दल में औपचारिक रूप से शामिल करवाया।

जानकारी के अनुसार कांग्रेस के पूर्व पार्षद रामदेव के परिवार को इस बार टिकट नहीं मिली, जिसके बाद परिवार ने नाराजगी जताते हुए कांग्रेस से दूरी बना ली। शनिवार को पूर्व विधायक एनके शर्मा की मौजूदगी में परिवार ने अकाली दल जॉइन कर लिया। इसके बाद रामदेव की छोटी पुत्रवधू एकता शर्मा ने वार्ड नंबर-9 से अकाली दल प्रत्याशी के तौर पर अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया। बताया जा रहा है कि यह परिवार पहले भी अकाली दल से जुड़ा रह चुका है और वार्ड नंबर-9 से पार्षद प्रतिनिधित्व भी कर चुका है। ऐसे में परिवार ने इसे अपनी राजनीतिक ‟घर वापसी" बताया है। नगर परिषद चुनाव के बीच इस घटनाक्रम को कांग्रेस के लिए झटका और अकाली दल के लिए मजबूती के रूप में देखा जा रहा है। अब वार्ड नंबर-9 में मुकाबला और रोचक होने की संभावना है।

# डेराबस्सी नगर परिषद चुनावः कांग्रेस उम्मीदवारों ने भरा नामांकन, अमित बावा सैनी ने सरकारों पर बोला हमला



डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। नगर परिषद चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में कांग्रेस उम्मीदवारों ने नगर परिषद चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (AICC) के ओबीसी विभाग की वैचारिक सलाहकार समिति के सदस्य एवं पंजाब कांग्रेस के प्रवक्ता अमित बावा सैनी ने राज्य और स्थानीय प्रशासन को कई मुद्दों पर घेरते हुए तीखा हमला बोला। अमित बावा सैनी ने कहा कि पिछले कई वर्षों में लोगों ने अकाली दल और आम आदमी पार्टी की सरकारें देख ली हैं, लेकिन क्षेत्र आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन धरातल पर स्थिति अलग दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद की बिल्डिंग गिरे करीब पांच वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन आज भी परिषद का काम सैनी भवन से चलाया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक नगर परिषद की अपनी बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया और प्रशासन भी इस दिशा में गंभीर नजर नहीं आया। उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को गिनाते हुए कहा कि डेराबस्सी में सीवरेज की समस्या, टूटी सड़कें, सामुदायिक केंद्रों की कमी, बच्चों और युवाओं के लिए खेल सुविधाओं का अभाव तथा बुजुर्गों के लिए पार्क जैसी मूलभूत जरूरतें अभी तक अधूरी हैं। अमित बावा सैनी ने भाजपा पर भी निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि पार्टी लोगों में सांप्रदायिक भावनाएं भड़काने का प्रयास कर रही है।

# गांव कबाली में भाजपा को मिला जनसमर्थन, कई लोगों ने पार्टी में शामिल होने का किया ऐलान



डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। गांव कबाली में भारतीय जनता पार्टी को उस समय बड़ा जनसमर्थन मिला, जब कई लोगों ने भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के दौरान लोगों ने भरोसा दिलाया कि वे भाजपा के साथ जुड़कर पार्टी को और मजबूत करेंगे। इस मौके पर मोहाली जिला भाजपा अध्यक्ष संजीव वशिष्ठ ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की जनहित नीतियों और विकास कार्यों के कारण आम लोगों का विश्वास लगातार पार्टी की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए काम कर रही है।

कार्यक्रम में किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष धर्मवीर शर्मा भागसी, किसान मोर्चा सचिव अंग्रेज सिंह, कृष्ण कौशिक, हरमीत हंस, हर्ष कौशिक, सतपाल, अश्विनी शर्मा, जसमेर सिंह बब्बू, पाला राम और लाड़ी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और गांव कबाली के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति विश्वास जताते हुए क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए भाजपा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का भरोसा दिया।

# डेराबस्सी में किसानों का प्रदर्शन, गवर्नर पंजाब और भाजपा के पुतले फूंके



डेराबस्सी/यूटर्न/15 मई। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के आह्वान पर भारतीय किसान यूनियन लखोवाल ब्लॉक डेराबस्सी की ओर से शनिवार को दप्पर टोल प्लाजा पर रोष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों ने पंजाब के राज्यपाल और भाजपा के पुतले फूंककर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन का नेतृत्व भारतीय किसान यूनियन लखोवाल पंजाब के उपाध्यक्ष मनप्रीत सिंह अमलाला ने किया। जानकारी के अनुसार 15 मई को नेचर पार्क मोहाली से लोक भवन पंजाब तक एसकेएम की सहयोगी किसान संगठनों द्वारा रोष मार्च निकाला जाना था। किसानों का आरोप है कि प्रशासन ने सड़कों पर भारी बैरिकेडिंग कर प्रदर्शन को रोक दिया और प्रदर्शनकारियों पर पानी की बौछारें तथा आंसू गैस के गोले छोड़े। इस कार्रवाई में कई किसानों को चोटें भी आईं। किसानों के अनुसार इसी घटना के विरोध में विभिन्न संगठनों की ओर से अलग-अलग स्थानों पर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में डेराबस्सी के दप्पर टोल प्लाजा पर भी किसानों ने रोष जताया। मनप्रीत सिंह अमलाला ने कहा कि प्रशासन ने किसान संगठनों को जबरन रोकने का प्रयास किया और उन पर बल प्रयोग किया, जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मांगों और अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। इस अवसर पर रणजीत सिंह राणा, जगतार सिंह, हरी सिंह, कंवलजीत सिंह, हरनाम सिंह, परमजीत सिंह, गुरप्रीत सिंह, केहर सिंह, गुलाब सिंह, गुरपाल सिंह, धर्मपाल सिंह, हरपाल सिंह, छज्जा सिंह, राम सिंह, करनैल सिंह, जरनैल सिंह, सुरजीत सिंह, धर्म सिंह सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372